श्री सेठिया-जैन-ग्रन्थमाला पुष्प नं. १०८

श्री जैन सिद्धान्त बोल संग्रह

आठवाँ भाग

(सात भागों का विस्तृत विषय सूची)

संयोजक

भैरोंदान सेठिया

प्रकाशक

मन्त्री

अगरचन्द भैरोंदान सेठिया

जैन पारमार्थिक संस्था

बीकानेर (राजपूताना)

सेठिया-जैन-ग्रन्थालय
(बीकानेर) की ओर से भेंट।

रामनवमी सं. २००२ वीर संवत् २४७१. ता.२२-३-१९४५ ई.	न्योछावर २) (ज्ञान खाते में लगेगा) पोस्टेज और रजिस्ट्री खर्च ॥-)॥	प्रथमावृत्ति ६००

सेठिया प्रिंटिंग प्रेस, बीकानेर ता० २२-३-१९४५ ई०

श्री जैन सिद्धान्त बोल संग्रह आठवें भाग के

खर्च का ब्यौरा

कागज २९॥ रीम, फी रीम ४३)	१२६८॥)
छपाई फार्म ४९ की, प्रति फार्म १३)	६३७)
जिल्द बँधाई ॥) एक प्रति	३००)
	२२०५॥)
विषयसूची बनाने, प्रमाण ग्रन्थों से मिलान करने तथा प्रेस कॉपी, प्रूफ संशोधन आदि का खर्च	२७००)
	४९०५॥)

कागज, बाइन्डिंग क्लाथ, कार्डबोर्ड, रोलर कम्पोजिशन तथा प्रेस की अन्य वस्तुओं के भाव बढ़ जाने और कम्पोज एवं छपाई खर्च कुछ अधिक लगने के कारण ऊपर लिखे हिसाब से एक प्रति की लागत कीमत ८) रूपये से अधिक पड़ी है। फिर भी ज्ञानप्रचार की दृष्टि से पुस्तक की कीमत केवल २) दो रूपया ही रखी गई है। शेष सारा खर्च श्री अगरचन्द भैरोंदान सेठिया जैन पारमार्थिक संस्था, बीकानेर ने अपनी ओर से लगाया है।

नोट—श्री जैन सिद्धान्त बोल संग्रह के सभी भागों की कीमत लागत से बहुत ही कम रखी गई है। इसलिए इन पर कमीशन नहीं दिया जाता। श्री सेठिया जैन पारमार्थिक संस्था की तरफ से जैन धर्म संबंधी अन्य पुस्तकें भी प्रकाशित हुई हैं। विशेष जानकारी के लिए सूचीपत्र मँगाकर देखिये। पुस्तक मँगाने वाले सज्जनों को अपना पता, पोष्ट आफिस और रेल्वे स्टेशन का नाम साफ साफ लिखना चाहिए। पुस्तक वी. पी. से भेजी जाती है।

पुस्तक मिलने का पता:—

(१) पुस्तक प्रकाशन समिति
वूलन प्रेस बिल्डिंग्स
बीकानेर. (राजपूताना)

(२) अगरचन्द भैरोदान सेठिया
जैन पारमार्थिक संस्था
बीकानेर. (राजपूताना)

Agarchand Bhairodan Sethia
Jain Charitable Institution, Bikaner.

दो शब्द

श्री जैन सिद्धान्त बोल संग्रह के सातवें भाग के प्रकाशित होने के करीब तेरह महीनों के पश्चात् यह आठवाँ भाग पाठकों की सेवा में उपस्थित करते हुए हमें बड़े हर्ष और सन्तोष का अनुभव हो रहा है। आठवें भाग के साथ यह ग्रन्थ समाप्त हो रहा है। निरंतर छः वर्ष के परिश्रम से श्री जैन सिद्धान्त बोल संग्रह के ये आठ भाग तैयार हुए हैं। छः वर्ष पूर्व सोचे एवं स्वीकार किये हुए कार्य को पूरा कर आज हम अपने को भारमुक्त अतएव हल्का अनुभव कर रहे हैं।

यह आठवाँ भाग पहले के सात भागों का विषय कोष है। इस भाग में सातों भागों में आये हुए विषयों की विस्तृत सूची अकारादिक्रम से दी गई है। सात भागों के बोल जिन आगम एवं सिद्धान्त ग्रन्थों से उद्धृत किये गये हैं उन प्रमाणभूत ग्रन्थों का उल्लेख भी इस सूची में किया गया है। प्रमाणभूत ग्रन्थों का पूरा नाम देने से इसका बहुत अधिक विस्तार हो जाता अतएव यहाँ उनका निर्देश संकेत रूप से किया गया है। संकतों के खुलासे के लिये प्रमाण ग्रन्थों की संकेत सूची पृथक् दी गई है और उसमें ग्रन्थों के पूरे नाम तथा ग्रन्थ कर्ताओं के नाम, प्रकाशन का स्थान और समय आदि दिये गये हैं।

इस अनुक्रमणिका में पाठकों की जिज्ञासा का ख्याल कर एक ही बोल दो चार तरह से बदल कर दिया गया है एवं बोल के अन्तर्गत भेद प्रभेदों का भी इसमें समावेश किया गया है। सूची तैयार करते समय यह भी ख्याल रखा गया है कि संख्या विशेष एवं विषय विशेष के बोल लगातार एक साथ आ जायँ। इसी तरह गाथाएं और कथाएं भी पास पास रखी गई हैं। शास्त्र विशेष के जितने अध्ययनों के अर्थ इन भागों में आये हैं वे भी एक साथ दिये गये हैं। इस प्रकार पाठकों की सुविधा का ख्याल कर हमने यह अनुक्रमणिका बहुत विस्तृत बनाई है। इस अनुक्रमणिका को तैयार करते समय सातों भागों का प्रमाण ग्रन्थों से, जिनसे कि इन भागों में बोल लिये गये हैं, भी मिलान किया गया है और सातों भागों के बोलों के प्रमाणों में जहाँ कहीं कमी या त्रुटि थी वह इस अनुक्रमणिका में यथासंभव ठीक कर दी गई है। यही कारण है कि इसे तैयार करने में इतना समय लगा है और समिति को इसके लिये पर्याप्त परिश्रम उठाना पड़ा है। सहृदय पाठकों से यह भी निवेदन है कि इस विषय सूची से सात भागो में दिये हुए प्रमाण में कुछ भिन्नता हो तो वे विषयसूची के अनुसार भागों में सुधार कर लेवें।

जैन सिद्धान्त बोल संग्रह के सात भागों में कौनसा विषय किस भाग में कहाँ पर है ? पाठकगण इस विषय सूची की सहायता से सुगमतापूर्वक इसका पता लगा सकेंगे तथा साथ में प्रमाण ग्रन्थ होने से शंका अथवा विशेष जिज्ञासा होने पर पाठक उन ग्रन्थों को देखकर आत्मसन्तोष कर सकेंगे। इसके अतिरिक्त यह विषयकोष जैन पारिभाषिक

शब्दों के लिये जैन कोष का काम भी देगा और पाठक केवल इसी की सहायता से कौनसा विषय किस ग्रन्थ में कहाँ पर है? सहज ही जान सकेंगे।

जैन सिद्धान्त बोल संग्रह कोई मौलिक रचना नहीं है। प्राकृत, संस्कृत भाषा के सिद्धान्त ग्रन्थों में से चुने हुए विषय सरल हिन्दी भाषा में आवश्यक व्याख्या एवं विवेचन के साथ इन भागों में दिये गये हैं। अतएव हम उन सभी ग्रन्थकारों के, जिनके ग्रन्थों से हमने बोलसंग्रह में बोल लिये हैं, अत्यन्त ऋणी हैं। यदि हमारे अनुवाद, व्याख्या अथवा विवेचन में उन ग्रन्थकारों के आशय से कहीं स्खलना हुई हो तो हम उनसे क्षमा याचना करते हैं। पाठकगण से भी हमारा यह निवेदन है कि यदि उन्हें हमारे इस प्रकाशन में कोई त्रुटि या कमी प्रतीत हो तो हमें अवश्य सूचित करें ताकि हम आगामी संस्करण में उचित सुधार कर सकें। उनकी इस कृपा के लिए हम उनके कृतज्ञ रहेंगे।

इस आठवें भाग के छपाने में श्री पं० हनुमानप्रसादजी शर्मा शास्त्री ने अध्यवसाय-पूर्वक बड़ा परिश्रम उठाया है अतएव हम उन्हें धन्यवाद देते हैं। अन्त में इस ग्रन्थ के लेखन, संकलन, संशोधन प्रकाशन आदि में हमें प्रत्यक्ष एवं परोक्ष रूप से जिन जिन महानुभावों की सहायता प्राप्त हुई है उन सभी के प्रति आभार प्रदर्शित करते हुए हम अपना यह वक्तव्य समाप्त करते हैं।

पुस्तक प्रकाशन समिति
ऊन प्रेस बिल्डिंग्स, बीकानेर।

श्री सेठिया जैन पारमार्थिक संस्था, बीकानेर

पुस्तक प्रकाशन समिति

अध्यक्ष—श्री दानवीर सेठ भैरोदानजी सेठिया।
मंत्री— श्री जेठमलजी सेठिया।
उपमंत्री—श्री माणकचन्दजी सेठिया।

लेखक मण्डल

श्री इन्द्रचन्द्र शास्त्री एम.ए., शास्त्राचार्य, न्यायतीर्थ, वेदान्तवारिधि।
श्री रोशनलाल जैन बी. ए., एलएल. बी., न्यायतीर्थ, काव्यतीर्थ, सिद्धान्ततीर्थ, विशारद।
श्री श्यामलाल जैन एम.ए., न्यायतीर्थ, विशारद।
श्री घेवरचन्द्र बाँठिया 'वीरपुत्र' न्यायतीर्थ, व्याकरणतीर्थ, सिद्धान्तशास्त्री।



भैरोंदान सेठिया

जन्म सं० १९२३ विजया दशमी

फोटो सं० १९९३ अक्षय तृतीया



श्रीमान् धर्मभूषण दानवीर

सेठ भैरोंदानजी सेठिया

की

संक्षिप्त जीवनी

दानवीर सेठ भैरोंदानजी सेठिया का जन्म जैन वीसा ओसवाल कुल में विक्रम संवत् १९२३ विजयादशमी के दिन हुआ। आप के पिता का नाम श्री धर्मचन्दजी था। आप चार भाई थे। श्री प्रतापमलजी और अगरचन्दजी आप से बड़े और हजारीमलजी आप से छोटे थे। आप दो वर्ष के ही थे कि आपके पिता का स्वर्गवास हो गया। सात वर्ष की अवस्था में बीकानेर में बड़े उपाश्रय में साधुजी नामक यति के समीप आपकी शिक्षा का आरम्भ हुआ। दो वर्ष यहाँ पढ़ कर विक्रम सं० १९३२ में आपने कलकत्ते की यात्रा की। वहाँ से लौटकर आप बीकानेर के समीप शिवबाड़ी गांव में

रहे । मन्दिर, उद्यान और सरोवर से यह गाँव सुहावना है । उस समय राज्य की विशेष कृपादृष्टि होने से यहाँ का व्यापार बढ़ा चढ़ा था । यहाँ सदा बाजार में मेला सा लगा रहता था । यहाँ आप अपने ज्येष्ठ भ्राता श्री प्रतापमलजी के पास व्यापार का काम सीखने लगे । सं० १९३६ में आपने बम्बई की यात्रा की । वहाँ अपने बड़े भाई श्री अगरचन्दजी के पास रह कर आपने बहीखाता जमा खर्च आदि व्यापारिक शिक्षा के साथ अंग्रेजी, गुजराती, आदि भाषाएं सीखीं । शिक्षा के साथ आपने यहाँ व्यावहारिक अनुभव भी प्राप्त किया । यहीं आपकी शिक्षा समाप्त नहीं होती । नवीन ज्ञान सीखने की लगन आपको जीवन भर रही और आज भी है । ज्ञान सीखने के प्रत्येक अवसर से आपने सदा लाभ उठाया है । दूसरे को पढ़ाने और सिखाने में भी आप सदा दिलचस्पी लेते रहे हैं । कई व्यक्तियों को व्यापार व्यवसाय का काम सिखा कर आपने उन्हें सफल व्यापारी बनाया है । आपने अपनी संस्था से भी कई सुयोग्य व्यक्ति तैयार किये हैं एवं उन्हें ऊँची से ऊँची शिक्षा दिलाई है ।

संवत् १९४० में आप देश आये । इसी वर्ष आप का विवाह हुआ । कुछ समय देश में ठहर कर संवत् १९४१ में आप पुनः बम्बई पधारे । यहाँ आकर आप एक फर्म में, जिसमें चालानी का काम होता था, मुनीम के पद पर नियुक्त हुए । आपके बड़े भाई श्री अगरचन्दजी इस फर्म के साझीदार थे ।

बम्बई में सात वर्ष रहकर सं० १९४८ में आप कलकत्ते गये और वहाँ आपने अपनी संचित पूँजी से मनिहारी और रंग की दूकान खोली और गोली सूता का कारखाना शुरू किया । सफल व्यापारी में व्यापारिक ज्ञान, अनुभव, समय की सूझ, साहस, अध्यवसाय, परिश्रमशीलता, ईमानदारी, वचन की दृढ़ता, नम्रता

तथा स्वभाव की मधुरता आदि जो गुण होने चाहिये वे सभी आप में विद्यमान थे। इसलिये थोड़े ही समय में आपका व्यापार चमक उठा। धीरे धीरे आपने प्रयत्न करके भारत से बाहर बेल्जियम, स्विज़रलैंड और बर्लिन आदि के रंग के कारखानों की तथा गबलंज (Gablonz) आष्ट्रिया के मनिहारी के कारखानों की सोल एजेन्सियाँ प्राप्त कर लीं। फलतः आपको अधिक लाभ होने लगा और काम भी विस्तृत हो गया। इसी समय आपके बड़े भाई श्री अगरचन्दजी भी आपकी फर्म में सम्मिलित हो गये। अब फर्म का नाम 'ए. सी. बी सेठिया एन्ड कम्पनी' रखा गया। कार्य के विस्तृत हो जाने से आपने कर्मचारियों को बढ़ाया। फर्म की सुव्यवस्था के लिये आपने एक अंग्रेज को असिस्टेन्ट मैनेजर के पद पर नियुक्त किया और पत्र व्यवहार के लिये एक वकील को रक्खा। कर्मचारियों के साथ आपका व्यवहार स्वामी-सेवक का नहीं किन्तु परिवार के सदस्य का सा रहा है। आप कर्मचारियों से काम लेना खूब जानते हैं और उन्हें सब तरह निभाते भी हैं। उक्त अंग्रेज आपके पास २७ वर्ष रहा और वकील बाबू आज भी आपके सुपुत्रश्री जेठमलजी साहब की फर्म में हैं।

आप स्वभाव से ही कर्मठ और लगन वाले हैं। आपने कार्य करना ही सीखा है, विश्राम तो आपने जाना ही नहीं। जिस कार्य को आपने हाथ में लिया, उसे पूरा किये बिना आपने कभी नहीं छोड़ा। व्यापारिक जीवन में ऐसी सफलता पाकर भी आपने विश्राम नहीं लिया। आप और आगे बढ़ना चाहते थे। फलस्वरूप आपने हावड़ा में 'दी सेठिया कलर एन्ड केमिकल वर्क्स लिमिटेड' नामक रंग का कारखाना खोला। यह कारखाना भारतवर्ष में रंग का सर्व प्रथम कारखाना था। कारखाने से तैयार होने वाले सामान की खपत के लिये आपने भारत के प्रमुख नगरों-कल-

कत्ता, बम्बई, मद्रास, कराची, कानपुर, देहली, अमृतसर और अहमदाबाद में अपनी फर्म की शाखाएं खोलीं । इसके सिवा जापान के ओसाका नगर में भी आपने ऑफिस खोला।

यहाँ यह बता देना भी अप्रासंगिक न होगा कि कारखाने और ऑफिस में विभिन्नकार्यों पर कुशल व्यक्तियों के नियुक्त होने पर भी आप आवश्यकता पर छोटे से बड़े सभी काम निस्संकोच भाव से कर लेते थे। शुरू से अन्त तक सभी कामों की जानकारी आप रखते थे। सर्वथा लोगों पर आपका कार्य निर्भर रहे यह आपको कतई पसन्द न था। यही कारण है कि रंगों के विश्लेषण के फॉर्मूले सीखने के लिये आपने एक जर्मन विशेषज्ञ को केवल दैनिक पाँच मिनिट के लिये ३००) मासिक पर नियुक्त किया एवं उसके लिये आपने निजी प्रयोगशाला स्थापित की ।

संवत् १९५७ में एक पुत्री (वसन्तकंवर) और दो पुत्रों (श्री जेठमलजी और पानमलजी) को छोड़कर आपकी धर्मपत्नी का स्वर्गवास होगया। आपकी पत्नी धर्मात्मा और गृहकार्य में बड़ी दक्ष थीं। इसी कारण आप गृह-व्यवस्था की चिन्ता से सदा मुक्त रहे एवं अपनी सभी शक्तियाँ व्यापार व्यवसाय में लगा सके थे। पहली धर्मपत्नी के स्वर्गवास होने पर आपका दूसरा विवाह हुआ। कर्त्तव्यनिष्ठ सेठियाजी का उस समय व्यापार-व्यवसाय की ओर ही विशेष ध्यान था। आप कुशलतापूर्वक व्यापार व्यवसाय में लगे रहे और उत्तरोत्तर उन्नति करने लगे। सं० १९७१ (सन् १९१४) के गत महायुद्ध में आपको रंग के कारखाने से आशातीत लाभ हुआ।

संवत् १९६५ में आप एक भयंकर बीमारी से ग्रस्त हो गये। इस समय आप कलकत्ते थे। वहाँ के प्रसिद्ध डॉक्टर और वैद्यों का इलाज हुआ पर आपको कोई लाभ न पहुँचा । अन्त में आपने

कलकत्ता के प्रसिद्ध होमियोपैथिक डॉक्टर प्रतापचन्द्र मजूमदार से इलाज करवाया और आप स्वस्थ हुए। इसी समय से आपको होमियोपेथी चिकित्सा-पद्धति में अपूर्व विश्वास हो गया। आपकी जिज्ञासा बढ़ी और उक्त डॉक्टर के सुयोग्य पुत्र डॉक्टर जतीन्द्रनाथ के पास आपने होमियोपेथी का अभ्यास किया एवं इसमें प्रवीणता प्राप्त की। तभी से आप होमियोपेथी साहित्य देखते रहे हैं एवं जनता में अमूल्य दवा वितरण करते रहे हैं। वर्षों के अनुभव ने आपको इस प्रणाली का विशेषज्ञ बना दिया है।

सेठ साहेब ने केवल धन कमाना ही नहीं सीखा पर आप समय समय पर सत्कार्यों में उदारतापूर्वक खर्च भी करते रहे हैं। सं० १९७० में आपने बीकानेर में स्कूल स्थापित किया। इसमें बच्चों को व्यावहारिक शिक्षा के साथ धार्मिक शिक्षा भी दी जाती है। इस से भी पहले आपने शास्त्र-भंडार का काम शुरू करा दिया था।

संवत् १९७८ में आपके बड़े भाई श्री अगरचन्दजी बीकानेर में बीमार हो गये। उन्होंने आपको कलकत्ते से बुलाया। दोनों भाइयों ने मिल कर समाज में शिक्षा एवं धर्म प्रचार के लिये 'अगरचन्द भैरोंदान सेठिया जैन पारमार्थिक संस्थाएं' स्थापित करना तय किया। इसके थोड़े दिनों बाद ही श्री अगरचन्दजी का स्वर्गवास हो गया। उक्त निश्चय के अनुसार आप एवं आपके सुयोग्य ज्येष्ठ पुत्र श्री जेठमलजी साहेब, जो कि श्री अगरचन्दजी के गोद हैं, संस्थाओं को चला रहे हैं। संस्थाओं में पाँच लाख की चल अचल सम्पत्ति है और वह कानून के अनुसार संस्थाओं के नाम रजिस्ट्री करवा दी गई है। उक्त सम्पत्ति के ब्याज एवं किराये की आय से बाल-पाठशाला, कन्या-पाठशाला, हिन्दी-संस्कृत-प्राकृत-विद्यालय, नाइट कॉलेज, ग्रन्थालय एवं प्रकाशन विभाग आदि चल रहे हैं।

सेठिया जैन पारमार्थिक संस्थाओं के विभिन्न विभागों द्वारा पिछले बाईस वर्षों में, समाज में शिक्षा एवं धर्म प्रचार के जो महत्वपूर्ण कार्य हुए वे समाज के सामने हैं।

सं० १९७९ में आपके पुत्र उदयचन्दजी का असामयिक देहान्त होगया। इस घटना से आप अत्यन्त प्रभावित हुए। व्यापार व्यवसाय से आपका मन हट गया। अतएव कलकत्ते का विस्तृत व्यापार समेट कर आप बीकानेर पधार गये। आपने पारमार्थिक संस्थाओं का कार्य हाथ में लिया और अपनी सारी शक्तियाँ संस्थाओं की उन्नति में लगा दीं। धार्मिक ज्ञानवृद्धि का भी आपने यह अच्छा सुयोग समझा। आपने थोकड़े, बोल और स्तवनों का स्वयं संग्रह किया और उन्हें प्रकाशित कराया। इसके सिवा आपने संस्कृत, प्राकृत, अर्द्धमागधी, आगम, न्याय, धर्मशास्त्र, हिन्दी, नीति और कानून विषयक पुस्तकें भी प्रकाशित कीं। इस वृद्धावस्था में भी आपने निरन्तर सं० १९९६ से पाँच वर्ष तक अथक परिश्रम कर अपूर्व लगन के साथ जैनसिद्धान्त बोल संग्रह के आठ भाग, सोलह सती और आर्हत प्रवचन ग्रन्थ तैयार करा प्रकाशित कराये हैं। आपकी ज्ञानपिपासा एवं ज्ञान प्रचार की भावना के फलस्वरूप संस्था से १०७ पुस्तकें प्रकाशित हुई हैं।

आपकी दानवीरता एवं समाज तथा धर्म की सेवा का सम्मान कर सन् १९२६ में अखिल भारतवर्षीय श्वेताम्बर स्थानकवासी जैन कॉन्फरन्स के कार्यकर्त्ताओं ने आपको कॉन्फरन्स के बम्बई में होने वाले सप्तम अधिवेशन का सभापति चुना। कॉन्फरन्स का यह अधिवेशन बड़ा शानदार और सफल हुआ। आपकी दानशीलता के प्रभाव से उस अधिवेशन में एक लाख से अधिक फंड इकट्ठा हुआ।

समाज और धर्म की सेवा के साथ आपने बीकानेर नगर और राज्य की भी सेवा की। लगभग दश वर्ष तक आप बीकानेर म्यूनिसि-

पल बोर्ड के कमिश्नर रहे। सन् १९२९ में सबसे पहले जनता में से आप ही सर्व सम्मति से बोर्ड के वाइस प्रेसिडेन्ट चुने गये। सन् १९-३१ में राज्य ने आपको ऑनरेरी मजिस्ट्रेट बनाया। लगभग सवा दो वर्ष तक आप बेंच ऑफ ऑनरेरी मजिस्ट्रेट्स में कार्य करते रहे। आपके फैसल किये हुए मामलों की प्रायः अपीलें हुई ही नहीं, यदि दो एक हुई भी तो अपीलेट कोर्ट में भी आप ही की राय बहाल रही। इससे आपकी नीर-क्षीर विवेकिनी न्यायबुद्धि का सहज ही अन्दाज हो जाता है। सन् १९३८ में म्यूनिसिपल बोर्ड की ओर से आप बीकानेर लेजिस्लेटिव एसेम्बली के सदस्य चुने गये। निस्स्वार्थभाव से बीकानेर की जनता की सेवा कर आप उसके कितने विश्वस्त एवं प्रिय बन गये, यह इससे स्पष्ट है।

सन् १९३० में संयोगवश सेठियाजी को पुनः व्यवसायक्षेत्र में प्रवेश करना पड़ा। बीकानेर में बिजली की शक्ति से चलने वाला ऊन की गाँठें बाँधने का एक प्रेस विकाउ था। योग्य कार्यकर्त्ताओं के अभाव से वह बन्द पड़ा था। प्रेस के मालिक उसे चला न सके थे। क्रियात्मक शिक्षा देकर अपने पुत्रों को व्यापार-व्यवसायमें कुशल बनाने के उद्देश्य से आपने उक्त प्रेस खरीद लिया। राज्य ने आपको रियासत भर के लिये प्रेस की मोनोपोली दी। आपने प्रेस को एवं बीकानेर के ऊन के व्यापार को उन्नति देने का निश्चय किया। प्रेस के अहाते में आपने इमारतें, गोदाम और मकानात बनवाये और व्यापारियों के लिये सभी सहूलियतें प्रस्तुत कीं। आपने कमीशन पर व्यापारियों का खरीद फरोख्त का काम शुरू किया। माल पर पेशगी रकम देकर भी आपने व्यापारियों को प्रोत्साहित किया। आपने प्रयत्न करके व्यापारियों के हक में राज्य एवं बीकानेर स्टेट रेल्वे से सुविधाएँ प्राप्त कीं। सभी प्रकार की सुवि-

धाओं के होने से बीकानेर राज्य एवं बाहर के व्यापारी यहाँ काफी तादाद में आने लगे। ऊन का कारबार करने वाली बड़ी बड़ी कम्पनियाँ भी यहाँ अपने कर्मचारी रखने लगीं। इस प्रकार उत्तरोत्तर प्रेस का काम बढ़ने लगा। सन् १९३४ में आपने ऊन के काँटों से ऊन निकालने के लिये ऊल बरिंग फेक्टरी (Wool Burring Factory) खरीदी। राज्य ने इसके लिये भी आपके हक में मोनोपोली स्वीकृत की। इस प्रकार कुछ ही वर्षों में आपकी लगन और परिश्रम ने आपके संकल्प को कार्य रूप में परिणत कर दिया। आज ऊन प्रेस सन् १९३० के ऊन प्रेस से कुछ और ही है। यहाँ सैंकड़ों मजदूर लगते हैं और हजारों मन ऊन का व्यापार होता है। हजारों गाँठें बँधती हैं और विलायत भेजी जाती हैं। प्रेस की साख ने लिवरपूल के मार्केट को भी प्रभावित कर रखा है। प्रेस के मार्के वाली गाँठें वहाँ अपेक्षाकृत ऊँचे भाव में बिकती हैं।

सेठ सा० की धार्मिकता एवं परोपकार-भावना के फलस्वरूप ऊनप्रेस में भी गाय गोधों के घास एवं कबूतरों के चुगे के लिये, होमियोपेथिक एवं आयुर्वेदिक औषधियों के लिये तथा साधारण सहायता आदि के लिये पृथक् पृथक् फंड कायम किये हुए हैं और सभी में अलग अलग रकम जमा कराई हुई है। रकम के ब्याज की आय से उपरोक्त सभी कार्य नियमित रूप से चल रहे हैं। ऊनप्रेस के आढ़तिये भी गाय गोधों के घास एवं कबूतरों के चुगे के लिये लागा देते हैं।

इस प्रकार ऊन प्रेस को सब भाँति समुन्नत कर सेठ साहेब ने उसे अपने सुयोग्य पुत्र श्री लहरचंदजी, जुगराजजी, और ज्ञानपालजी के हाथ सौंप दिया है एवं आप व्यापार व्यवसाय से सर्वथा निवृत्त हो धर्मध्यान में संलग्न हैं। पिछले पाँच वर्षों से धार्मिक साहित्य पढ़ना, सुनना और तैयार करवाना ही आपका कार्यक्रम रहा है।

परिवार की दृष्टि से सेठ सा० जैसे भाग्यशाली विरले ही मिलते हैं। आप के पाँच पुत्र हैं। सभी शिक्षित, संस्कृत एवं व्यापारकुशल हैं। सभी जुदे किये हुए हैं एवं जुदे २ व्यापार व्यवसाय में लगे हुए हैं। पाँचों पुत्र सेठजी के आज्ञानुवर्ती हैं एवं सभी भाइयों में परस्पर सराहनीय प्रेम है। यही नहीं आपके छः पौत्र, दो प्रपौत्र, दो पौत्री और दो प्रपौत्री हैं। सेठजी के दो पुत्रियों में से छोटी पुत्री मौजूद है एवं तीन दोहिते और पाँच दोहितियाँ हैं।

सेठजी सफल व्यापारी, समाज और राज्य में प्रतिष्ठा प्राप्त, बड़े परिवार के नेता एवं सम्पन्न व्यक्ति हैं। आप दानवीर और परोपकारपरायण हैं। धर्म और परोपकार के कार्यों में आपने उदारता के साथ धन ही नहीं बहाया किन्तु तन और मन का योग भी आपने दिया है। बचपन में माता और बड़ी बहिनों से धार्मिक संस्कार प्राप्त करने वाले एवं धर्मस्थान में शिक्षा का श्रीगणेश करने वाले सेठ साहेब की प्रवृत्ति सांसारिक कार्यों के बीच रहते हुए भी सदा धार्मिक रही है। सांसारिक वैभव में जलकमलवत् निर्लिप्त रह कर आपने नाम से ही नहीं, कर्म से भी धर्मचन्द का पुत्र होना सिद्ध किया है। आपने बचपन में ही श्री हुक्मीचन्द जी महाराज की सम्प्रदाय के मुनि श्री केवलचन्द जी महाराज से धर्म श्रद्धा ग्रहण की थी। आप गुणों के ही पुजारी हैं। पंच महाव्रतधारी निर्मल आचारवाले सभी साधु आपके लिये पूज्य हैं। आपने अपने जीवन में कभी चाय, भंग, तमाखू या अफीम का सेवन नहीं किया। सात व्यसनों का आपके त्याग है तथा रात्रिभोजन का भी आपके नियम है। आपने श्रावक के बारह व्रत धारण किये हैं और जीवन के पिछले वर्षों में आपने शीलव्रत भी धारण किया है। ग्रहण किये हुए त्याग प्रत्याख्यान आप दृढता के साथ पालन करते रहे हैं।

आपकी सब से बड़ी विशेषता यह है कि आप स्वनिर्मित हैं। आप सदा स्वावलम्बी, साहसी, अध्यवसायशील एवं कर्मठ रहे हैं। सभी प्रकार से सम्पन्न होकर भी आप सर्वथा निरभिमान हैं। 'सादा जीवन और उच्च विचार' इस महान् सिद्धान्त को आपने जीवन में कार्य रूप दिया है। आपका चरित्र पवित्र एवं अनुकरणीय है। आप में परमहंसों का सा त्याग, साधुओं का सा कर्मसंन्यास और वीरों की सी कर्मनिष्ठा है। आपने क्या नहीं किया और क्या नहीं पाया परन्तु सांसारिक विभूति के मोह बन्धन में आपने अपने को कभी नहीं बाँधा। आपके इन्हीं गुणों से प्रभावित होकर जैन गुरुकुल शिक्षण संघ, ब्यावर ने आपको 'धर्म भूषण' की उपाधि से विभूषित किया है। यह उपाधि सब तरह से आप जैसे महापुरुष को शोभा देती है। हमारी परमात्मा से यही प्रार्थना है कि आप चिरायु हों।

बीकानेर (राजपूताना)
भादवा सुद ७ वि० सं० २००१
ता० २६-७-४४ ई०

रोशनलाल जैन
बी.ए., एल एल.बी.,
न्याय-काव्य-सिद्धान्ततीर्थ, विशारद.

श्रीमान् सेठ धर्मचन्दजी का वंश

श्रीमान् सेठ धर्मचन्दजी के चार पुत्र और पाँच पुत्रियाँ हुई। उनके नाम—श्रीप्रतापचन्दजी, श्रीअगरचन्दजी, श्रीभैरोंदानजी, श्री हजारीमलजी, चाँदाबाई, घमाबाई, पन्नाबाई, मीराबाई और टुगीबाई। श्रीमान् प्रतापचन्दजी के तीन पुत्रियाँ और तीन पुत्र हुए। उनके नाम–तख्खुबाई, सुगनीबाई, मानबाई। सुगनचन्दजी, हीरालालजी, चनणमलजी। इन तीनों के कोई संतान न हुई। इन तीनों का तरुणावस्था में ही स्वर्गवास होगया। श्रीमान् चनणमलजी की धर्मपत्नी अभी मौजूद है। उन्होंने श्रीमान् जेठमलजी सेठिया के ज्येष्ठ पुत्र श्री माणकचन्दजी को गोद लिया।

श्रीमान् अगरचन्दजी के कोई सन्तान न हुई। उन्होंने अपने लघुभ्राता श्रीमान् भैरोंदानजी के ज्येष्ठ पुत्र श्री जेठमलजी को गोद लिया।

श्रीमान् भैरोंदानजी के ६ पुत्र और दो पुत्रियाँ हुई। वे इस प्रकार हैं–१वसंतकुंवर, २जेठमलजी, ३पानमलजी, ४लहरचन्दजी, ५उदयचन्दजी, ६जुगराजजी, ७ज्ञानपालजी, ८ और मोहिनीबाई। संवत् १९९६ मिति काती सुदे को वसन्तकुंवर बाई का स्वर्गवास हो गया। उनके दो पुत्र और तीन पुत्रियाँ हैं।

श्रीमान् जेठमलजी के चार पुत्र और एक पुत्री हुई। उनके नाम–माणकचन्दजी, केशरीचन्दजी, मोहनलाल, जसकरण और स्वर्णलता। १९९४ में केवल आठ वर्ष की अवस्था में ही जसकरण का स्वर्गवास हो गया। श्री माणकचन्दजी के इस समय एक पुत्र कुसुमकुमार और एक पुत्री आशालता है।

श्रीमान् पानमलजी के इस समय एक पुत्र श्री कुन्दनमलजी (भंवरलालजी) हैं । कुन्दनमलजी के एक पुत्र रविकुमार और एक पुत्री लीला है ।

श्रीमान् लहरचन्दजी के इस समय एक पुत्र श्री खेमचन्दजी और एक पुत्री चित्ररेखा है ।


संवत् १९७९ में श्रीमान् उदयचन्दजी का केवल १५ वर्ष की अवस्था में ही स्वर्गवास हो याग । उनके स्वर्गवास के पश्चात् करीब १६ महीनों के बाद उनकी धर्मपत्नी का भी स्वर्गवास हो गया

श्रीमान् जुगराजजी के इस समय एक पुत्र श्रीचेतनकुमार है। बाबू ज्ञानपालजी अभी अविवाहित हैं ।

मोहिनीबाई के इस समय एक पुत्र और दो पुत्रियाँ हैं ।

श्रीमान् भैरोंदानजी से छोटे भाई श्रीमान् हजारीमलजी थे । उनका स्वर्गवास युवावस्था में ही हो गया। उनकी धर्मपत्नी श्री रत्नकुंवरजी को बचपन से ही धर्म के प्रति विशेष रुचि एवं प्रेम था। संवत् १९३६ में केवल छः वर्ष की अवस्था में आपने रतलाम में पूज्यश्री उदयसागरजी महाराज के पास सम्यक्त्व ग्रहण की थी। पति का स्वर्गवास हो जाने पर धर्म के प्रति आपकी रुचि और भी तीव्र हो गई । आपको संसार की असारता का अनुभव हुआ और वैराग्य भावना जागृत होगई । संवत् १९६५ में समस्त सांसारिक वैभवों का त्याग कर श्रीमज्जैनाचार्य पूज्यश्री श्रीलालजी महाराज के पास श्रीरंगूजी महाराज की सम्प्रदाय में श्री मैनाजी महाराज की नेश्राय में पूर्ण वैराग्य के साथ दीक्षा अंगीकार की। ३६ साल हुए आप पूर्ण उत्साह के साथ संयम का पालन करती हुई आत्म कल्याण की साधना में अग्रसर हो रही हैं ।

भादवा सुद ७ वि० संवत् २००१
ता० २६-७-४४ ई०



१ पंक्ति— माणकचन्द, केशरीचन्द, जुगराज, कुनणमल


२ ,, लहरचन्द, जेठमल, भैरोंदानजी, पानमल ज्ञानपाल

३ ,, मोहनलाल सोमलता, खेमचन्द

Agarchand Bhairodan Sethia
Jain Charitable Institution, Bikaner

श्री अगरचंद भैरोंदान सेठिया जैन पारमार्थिक संस्था,

संस्था–भवन, बीकानेर



अज्ञानं तमसां पतिं विदलयन् सत्यार्थमुद्भासयन् ।
भ्रान्तान् सत्पथ दर्शनेन सुखदे मार्गे सदा स्थापयन् ॥
ज्ञानालोकविकासनेन सततं भूलोकमालोकयन् ।
श्रीमद्भैरवदानमान पदवी पीठः सदा राजताम् ॥

श्री अगरचन्द भैरोदान सेठिया जैन पारमार्थिक संस्था, बीकानेर

की

संक्षिप्त वार्षिक रिपोर्ट

(तारीख १ जनवरी १९४४ से ३१ दिसम्बर तक)

सन् १९४४ की समाप्ति के साथ हमारी संस्थाओं का इक्कीसवाँ वर्ष पूरा होता है। इतने दीर्घ काल में इन संस्थाओं ने यथासामर्थ्य देश और समाज में ज्ञान का दीपक जलाने का प्रयत्न किया है। इन संस्थाओं में बालशिक्षण, कन्याशिक्षण और वयस्कशिक्षण के साथ साथ साहित्य-निर्माण और साहित्य संशोधन का कार्य भी बराबर होता रहा है। व्यवहारिक शिक्षा के साथ धार्मिक शिक्षा भी इन संस्थाओं का मुख्य उद्देश्य रहा है और इसी उद्देश्य के अनुसार साधु-मुनिराजों तथा महासतियों के शास्त्र आदि पढ़ाने का कार्य भी चलता है। इन सब बातों का उल्लेख संक्षेप में आगे किया जायगा।

बाल पाठशाला

इस वर्ष इस विभाग के अन्तर्गत पहली से लेकर चौथी तक चार कक्षाएँ चलती रही हैं। इन कक्षाओं में हिंदी, अंग्रेजी, धर्म, गणित, इतिहास, भूगोल, स्वास्थ्य और वाणिका विषय पढाये जाते रहे हैं। छात्रों की संख्या का औसत १५५ रहा है।

विद्यालय

इस वर्ष विद्यालय में मुनीमी पढ़ाने की एक नई कक्षा आरंभ की गई है। जिसमें शराफी, बहीखाता, ब्याज, जमाखर्च, हुंडी, चिट्ठीपत्री तथा व्यवहारिक अंग्रेजी का ज्ञान कराया जाता है। इस वर्ष पंजाब यूनिवर्सिटी की हिन्दीरत्न परीक्षा में दो विद्यार्थी पास हुए। इसी विभाग के अंतर्गत हिन्दी भूषण और हिन्दी प्रभाकर की पढाई भी इस वर्ष होती रही है। इस विभाग की ओर से सन्त मुनिराजों और महासतियों को उनके स्थान पर पंडितों को भेजकर हिन्दी, संस्कृत, प्राकृत, धर्मशास्त्र और न्याय आदि का अभ्यास कराया जाता रहा है।

सेठिया नाइट कालेज

इस वर्ष कालेज विभाग में पंजाब मैट्रिक और राजपूताना बोर्ड की एफ. ए. कक्षाओं

की पढ़ाई चलती रही है। एफ. ए. परीक्षा में कुल १२ छात्र प्रविष्ट हुए थे जिनमें ८ उत्तीर्ण हुए। मैट्रिक परीक्षा में ३० छात्रों में २७ पास हुए। इस वर्ष कालेज में बी.ए. कक्षा नहीं रखी गई किन्तु आगामी सेशन से पुनः बी.ए. कक्षा खोल दी जायगी।

कन्या पाठशाला

इस पाठशाला में पूर्ववत् पहली से लेकर चौथी तक चार कक्षाएं चलती रही हैं। इन कक्षाओं में कन्याओं को हिन्दी, गणित, स्वास्थ्य, धर्म, भूगोल, वाणिका, सिलाई और कशीदा आदि विषयों का ज्ञान कराया जाता रहा है। छात्राओं की साल भर में संख्या ७० और ८० के बीच में रही।

समाज सेवा विभाग

इस विभाग द्वारा समाज सेवा संबंधी सभी प्रकार के कार्य किये जाते रहे हैं। इन में श्री श्वेताम्बर साधुमार्गी जैन हितकारिणी संस्था के आय व्यय का हिसाब रखना तथा ग्राम्य पाठशालाओं के संचालन की देखरेख एवं प्रबंध का कार्य होता रहा है।

इस विभाग द्वारा संत मुनिराजों एवं महासतियों के विहारादि संबंधी पत्रव्यवहार और दीक्षार्थी भाई बहनों के लिये भण्डोपकरण का प्रबंध भी होता रहा है।

इस विभाग द्वारा इस वर्ष ४२३॥।≈)॥ मूल्य की संस्था द्वारा प्रकाशित पुस्तकें भिन्न भिन्न संस्थाओं और व्यक्तियों को भेंट स्वरूप दी गई हैं इसके अतिरिक्त बिना मूल्य की १०२ पुस्तकें भी इस विभाग द्वारा भेंट दी गई।

प्रिन्टिंग प्रेस (छापाखाना)

इस विभाग में इस वर्ष सेठिया ग्रन्थमाला की १०५ से १०७ तक की नवीन पुस्तकों का मुद्रण हुआ। युद्ध जन्य कठिनाइयों के कारण इस साल प्रेस का काम मंद गति से चला। कर्मचारियों तथा कागज की कमी के कारण केवल नीचे लिखी पुस्तकें छप सकीं। समय को देखते हुए यह भी संतोषजनक ही है। (१) आर्हतप्रवचन (२) श्रीप्रतिक्रमणसूत्र मूल ७ वीं आवृत्ति (३) श्री सामायिकसूत्र सार्थ ५ वीं आवृत्ति (४) श्री जैनसिद्धान्त बोल संग्रह सातवाँ भाग (५) श्रीमान् सेठ भैरोंदानजी सा. सेठिया की संक्षिप्त जीवनी (६) हिन्दी बाल शिक्षा दूसरी प्राइमर। अभी श्री जैन सिद्धान्त बोल संग्रह के आठवें भाग की छपाई हो रही है।

ग्रन्थालय और वाचनालय

इस वर्ष भिन्न भिन्न भाषाओं की कुल ३१० नई पुस्तकें ग्रन्थालय में आईं। दैनिक, साप्ताहिक, पाक्षिक, मासिक और त्रैमासिक पत्र पत्रिकाएँ इस वर्ष भी आती रही हैं और उन्हें वाचनालय में रखा जाता रहा है। इस वर्ष १२७ सदस्यों ने ३३६३ पुस्तकें पढ़ने के लिए पुस्तकालय से लीं तथा वाचनालय से लाभ उठाया।

ग्रन्थालय में इस समय हिन्दी, संस्कृत, गुजराती, अंग्रेजी, पत्राकार, हस्तलिखित आदि कुल मिलाकर ६६०६ पुस्तकें संगृहीत हैं। विवरण नीचे लिखे अनुसार है:—

हिन्दी	**३६८१**
कोष और व्याकरण	१२७
इतिहास और पुरातत्त्व	१४५
दर्शन और विज्ञान	१४६
धर्म और नीति	१३७३
साहित्य और समालोचना	२५६
काव्य और नाटक	४४२
उपन्यास और कहानी	३८४
जीवन चरित्र	१२२
राजनीति और अर्थशास्त्र	१३७
ज्योतिष और गणित	३७
स्वास्थ्य और चिकित्सा	१८७
भूगोल और यात्राविवरण	३४
कानून	८४
बाल साहित्य	२१३
विविध	२६४
संस्कृत	**६४३**
कोष और व्याकरण	१६५
साहित्य, काव्य, नाटक, चरित्र और कथा	२३५
आर्ष ग्रन्थ	१३४
दर्शन शास्त्र	६६
धर्म शास्त्र और नीति	१८४
स्तुति स्तोत्रादि	३१
आयुर्वेद (वैद्यक)	५२
ज्योतिष शास्त्र	२०
विविध	२३
अंग्रेजी	**१६८०**
Works of reference	170
History and Geography	213
Theology, Philosophy and Logic	287
Law & Jurisprudence	83
Literature	264
Fiction	225
Politics & Civics	8
Business & Economics	45
Science and art of medicine	157
Science & mathematics	56
Biography & auto-biography	109
Industrial science	50
Art of teaching	13
जर्मन, फ्रेंच आदि	**१०३**
पत्राकार शास्त्र एवं ग्रन्थ	**५३०**
हस्तलिखित ग्रन्थ	**१२३८**

ग्रंथ निर्माण विभाग

इस साल छापाखाना विभाग में छपने वाले समस्त ग्रन्थों का संशोधन इसी विभाग के कर्मचारियों द्वारा हुआ। श्रीश्वेताम्बर साधुमार्गी जैन हितकारिणी संस्था की दश वर्षीय

रिपोर्ट लिखी तथा संशोधित की गई। श्री जैनसिद्धान्त बोल संग्रह के आठवें भाग की पांडुलिपि तैयार की गई और आवश्यक संशोधन परिवर्तन कर प्रेस कापी तैयार की गई।

सन् १९४४ के आय-व्यय का संक्षिप्त विवरण

११९०३॥-)	कलकते के मकानों के किराये के मास बारह के	११९८५॥-)	श्री सेठिया जैन पारमार्थिक संस्था में खर्च हुए
१७८२॥≡)	ब्याज	६३७॥)॥	सेठिया प्रिंटिंग प्रेस में
२०१)	श्रीमान् लहरचंदजी सेठिया से प्राप्त हुए शास्त्र तथा दीक्षोकरणादि में खर्च करने के लिये	४५)	बोर्डिंग खाते खर्च हुए
		१००१)	सहायता में दिये श्री स्थानकवासी जैन लायब्रेरी श्रीनगर काश्मीर को
१०१)	श्री मगनबाई स्वर्गीय धर्मपत्नी जेठमलजी सेठिया से प्राप्त हुए शास्त्रतथा दीक्षोपकरणादि में खर्च करने के लिये	५१)	श्रीमहावीर जैन लायब्रेरी श्रीरायसिंहनगर में दिये
		१२८॥-)॥	विविध खुदरा सहायता में दिये
५२००)	श्रीमान् सेठ भैरोंदानजी सा. सेठिया से प्राप्त हुए	३४४६)	विद्यालय में वेतन के
		१७३५।)॥	बाल पाठशाला में
	२०००) छात्रवृत्ति देने के लिये	८८८।=)।	कन्या पाठशाला में
	२०००) बोर्डिंग के लिये	१२७५॥।)॥।	सेठिया नाइट कालेज
	१२००) सहायता में देने के लिये	५५२॥)॥।	हेड ऑफिस में खर्च हुए
		७४७=)	सेठिया लायब्रेरी में पुस्तक व समाचारपत्र आदि में
		७४॥)	खर्च बिजली तथा पंखे का
		१२६७)	कर्मचारियों को महंगाई भत्ते के दिये
		५०॥-)	परचुरण खर्च
		८४॥।)	मकानों की मरम्मत में
		७०७४-)	कलकते के मकानों का ता० २१ सितम्बर १९४४ को नया डीड ऑफ ट्रस्ट बनवाया उसमें स्टाम्प, रजिस्ट्री व एटर्नी की फीस के खर्च हुए

संस्था की कलकत्ता स्थित स्थावर संपत्ति का नबीन ट्रस्ट नामा

श्री सेठिया जैन पारमार्थिक संस्था के संस्थापक महोदयों ने संस्था के स्थायित्व के लिये कलकते और बीकानेर में स्थावर संपत्ति प्रदान कर कलकत्ता और बीकानेर में उसकी लिखापढ़ी कर दी थी। कलकते की संपत्ति के अलग अलग तीन डीड्स आफ सेटलमेन्ट रजिस्टर्ड कराये गये थे। किन्तु उनमें कुछ कमी महसूस कर संस्थापक महोदयों ने उन्हें रद्द कर दिया एवं संस्था के स्थायित्व के लिये उनके बदले ता० २१ सितम्बर १९४४ तदनुसार मिति आसोज सुदी ६ सं० २००१ शनिवार को नीचे लिखी संपत्ति का नया डीड ऑफ ट्रस्ट बनाकर उसकी सबरजिस्ट्रार कलकत्ता के दफ्तर में रजिस्ट्री करा दी। उक्त नवीन डीड आफ ट्रस्ट के अनुसार सेठिया जैन पारमार्थिक संस्था के वर्तमान में निम्नलिखित्त तीन ट्रस्टी हैं:—

१ श्रीमान् दानवीर सेठ भैरोंदानजी सेठिया
२ „ बाबू जेठमलजी सेठिया
३ „ „ माणकचंदजी सेठिया

उक्त डीड के अनुसार ट्रस्टियों की संख्या ९ तक हो सकेगी। ट्रस्ट कमेटी के अधीन संस्था की व्यवस्था के लिये जनरल कमेटी, प्रबन्धकारिणी कमेटी तथा आवश्यकतानुसार अन्य सब कमेटियां स्थापित की जायँगी एवं यथासमय उनके लिये नियम उपनियम निर्धारित किये जायेंगे।

कलकत्ते की स्थायी संपत्ति

१. मकान न. १६०-१६०।१ पुराना चीना बाजार

२. मकान नं. ३,५,७,९,११ और १३ क्रोस स्ट्रीट (मूँगापट्टी) तथा नं. १२३ और १२५ मनोहरदास स्ट्रीट

३. मकान नं. ६ जेक्शनलेन तथा १११, ११२, ११३, ११४ और ११५ केनिंग स्ट्रीट का दो तिहाई हिस्सा

नोट—उक्त जेक्सनलेन और केनिंग स्ट्रीट का एक तिहाई हिस्सा श्रीमान् बाबू जेठमलजी सा. सेठिया ने संस्था को दिया वह नवीन ट्रस्ट डीड में है और एक तिहाई हिस्सा ता. १९-७-४० को संस्था ने खरीदा है। इस प्रकार इस मकान में संस्था का दो तिहाई हिस्सा है और एक तिहाई हिस्सा श्रीमान् गोविन्दरामजी भीखणचन्दजी भनसाली का है।

कलकते की उक्त स्थावर संपत्ति के सिवा बीकानेर नगर में संस्था की नीचे लिखी स्थावर सपत्ति है—

बीकानेर की स्थावर संपत्ति

१--मोहल्ला मरोटियों का विशाल भवन (जिसमें आगे तीन मंजिला मकान है और पीछे की तरफ दो मंजिला मकान है) आगे पीछे के चौक, छप्परे और बाड़ा सहित। यह भवन कोटड़ी के नाम से प्रसिद्ध है। यह मकान संस्था के संस्थापकों ने, संवर, सामायिक, प्रतिक्रमण, पौषध, दया करने और साधु साध्वियों के ठहरने के लिये (यदि वे ठहरना चाहें तो) तथा मुनि महाराज एवं महासतियों के व्याख्यान के लिये एवं इसी प्रकार के अन्य धार्मिक कार्यों के लिये दिया है। इसकी रजिस्ट्री सं. १९८० में ता. ३० नवम्बर १९२३ को हुई। तभी से इस कोटड़ी की सार संभाल संस्था कर रही है। संस्था ने इसकी मरम्मत कराई है, इसमें छप्परे वगैरह बनवाने में लागत लगाई है और संस्थापकों ने इस मकान का नया खत बीकानेर राज्य में श्री अगरचन्द भैरोदान सेठिया जैन पारमार्थिक संस्था के नाम करा दिया है। यह खत ता. २६-४-४१ का है। नम्बर मिसल १७ तारीख मरजुआ १३-१२-३८ई० नाम तहसील मालमंडी नम्बर ३०३ है। इस खत के अनुसार इस मकान की कुल दरगज ३००५॥≈॥ है।

नोट–इस भवन में पहली मंजिल में दरवाजे के दोनों तरफ के दोनों दीवानखाने और उनके नीचे के दोनों तलघर संस्था में नहीं दिये हुए हैं। ये दोनों अगरचन्दजी भैरोंदानजी सेठिया के निजी हैं और इनका खत उनके नाम का अलग बना हुआ है। दीवानखानों की कुल दरगज २२८)॥ है। दीवानखानों के ऊपर की मंजिल संस्था की है।

२–मोहल्ला मरोटियों का दूसरा दो मंजिला विशाल भवन (चौक और बाड़ा सहित)। यह भवन सेठिया लायब्रेरी के नाम से प्रसिद्ध है। संस्थापक महोदयों ने यह भवन सेठिया जैन पारमार्थिक संस्था के लिये दिया है। अभी इस भवन में सेठिया ग्रन्थालय, कन्या-पाठशाला, बालपाठशाला, नाइट कॉलेज आदि संस्था के विभाग हैं। इसकी रजिस्ट्री बीकानेर में सं. १९८० में ता. २८ नवम्बर १९२३ को हुई। संस्थापकों ने इस मकान का नया खत बीकानेर राज्य से श्री अगरचन्द भैरोंदान सेठिया जैन पारमार्थिक संस्था के नाम करा दिया है। यह खत ता. २६-४-४१ का है। नम्बर मिसल १७ तारीख मरजुआ १३-१२-३८ ई. नाम तहसील मालमंडी नंबर ३०५ है। इस खत के अनुसार इस मकान की दरगज १३९३।८॥ है। ता. २८ नवम्बर १९२३ की रजिस्ट्री के बाद संस्था को प्राप्त जमीन तथा एक बाड़ा भी नये खत में शामिल है।

नोट–इस भवन में कन्यापाठशाला के वर्तमान मकान के नीचे का तहखाना (जिसकी दरगज १३९≈ है) तथा तीन बाड़ों में से दो बाड़े १९१॥≈ दरगज के संस्था में नहीं दिये हुए हैं। यह तहखाना तथा दोनों बाड़े अगरचन्दजी भैरोंदानजी सेठिया के निजी हैं। तहखाने और दोनों बाड़ों के दो खत उनके नाम अलग बने हुए हैं।

३—मकान एक उगूण दरवाजे का चौकी समेत, जिसकी दरगज ३३६।॥≈ है और जो ठंठारों की गली में वाके है, मोती, भोलु व गोलु ठंठारा से सं. १९७६ माह वदी ६ ता. १५ जनवरी सन् १९२०ई. को खरीदा और उस पर लागत लगाकर दो मंजिले आसरे इमारत बनवाये इसके बाद वि.सं.२००१ मिति प्रथम चैतवदी ६ ता ५ मार्च १९४५ को संस्थापक महोदय ने संस्था के हक में दानपत्र लिख दिया और तहसील मालमंडी में रजिस्ट्री करादी । संस्था के नाम इस मकान का पट्टा बनाने के लिये भी राज्य में दरखास्त कर दी गई है । इस मकान के आसे पासे इस प्रकार हैं— मकान में प्रवेश करते ही दाहिनी ओर धन्ना ठंठारा (फिलहाल जीवणजी महाराज) का घर है, बाँई ओर हजारी ठंठारे का घर है, पीछे के तरफ आशुनाई का मकान है और सामने गली है ।

नोट-उक्त कलकत्ता एवं बीकानेर दोनों जगह की स्थावर संपत्ति एक ही संस्था (सेठियाजैन पारमार्थिकसस्था) की है। अतः उनकी सुव्यवस्था के लिये यह आवश्यक है कि कलकते और बीकानेर की उक्त संपत्ति की देखभाल एक ही ट्रस्ट कमेटी के अधीन हो और एक से नियमों के अधीन उनका नियन्त्रण हो । अतएव संस्थापक महोदयों का विचार है कि कोटड़ी और सेठिया लायब्रेरी के मकान की, बीकानेर राज्य में कराई हुई ता.२८व ३० नवम्बर १९२३ की रजिस्ट्रियों को अपने सुरक्षित अधिकार के अनुसार रद्दकर संस्था की बीकानेर की संपत्ति के नये ट्रस्टडीड बनाये जायँ और उनकी बीकानेर राज्य में रजिस्ट्री करा दी जाय ।

सेठिया जैन ग्रन्थमाला का प्रकाशन

सेठिया जैन ग्रन्थमाला से श्री जैन सिद्धान्त बोल संग्रह के आठभाग,सोलह सती, आर्हत प्रवचन, जैन सिद्धान्तकौमुदी, अर्द्धमागधी धातु रूपावली, कर्तव्यकौमुदी, सूक्ति-संग्रह,उपदेशशतक,सुखविपाक सार्थ,मांगलिक स्तवन संग्रह प्रथम द्वितीय भाग, गुणविलास, गणधरवाद के तीन भाग, संक्षिप्त कानून संग्रह, प्रकरण थोकड़ा संग्रह, प्रस्तावरत्नावली, पचीस बोल का थोकड़ा,लघुदंडक का थोकड़ा, सामायिक तथा प्रतिक्रमण सूत्र मूल और सार्थ इत्यादि कुल १०८ पुस्तकें प्रकाशित हुई हैं । विशेष विवरण के लिये संस्था का सूचीपत्र मंगाकर देखिये । आर्डर आने पर पुस्तकें वी. पी. द्वारा भेजी जायँगी ।

पताः— अगरचन्द भैरोंदान सेठिया
जैन पारमार्थिक संस्था
बीकानेर (राजपूताना)

Agarchand Bhairodan Sethia
Jain Charitable Institution, Bikaner.

प्रमाण ग्रन्थों की संकेत सूची

संकेत	ग्रन्थ नाम, भाषा व काल	ग्रन्थकर्त्ता और उसका काल	प्रकाशन का स्थान और समय
अंत.	अंतगडदसा-अंतकृद्दशा सूत्र सटीक मूल प्राकृत, टीका संस्कृत	टीकाकार-अभयदेवसूरि वि. सं. १०७२-११३५	आगमोदय समिति वीर सं. २४४६
अणु.	अणुत्तरोववाई-अनुत्तरोपपातिक सूत्र सटीक, मूल प्राकृत, टीका संस्कृत	टीकाकार-अभयदेव सूरि वि. सं.१०७२-११३५	आगमोदय समिति वीर सं. २४४६
अनु.	अनुयोगद्वार सूत्र सटीक मूल प्राकृत, टीका सस्कृत	टीकाकार-मलधार गच्छीय श्री हेमचन्द्र सूरि	आगमोदय समिति वीर सं. २४५०
अभि. चि.	अभिधान चिन्तामणि संस्कृत-कोष	श्री हेमचन्द्राचार्य वि. सं. ११४५-१२२९	लालचन्द्र नंदलाल वकील, श्री मुक्तिकमल जैन मोहनमाला कोठीपोल, बड़ोदा, वीर सं. २४५१
अभि. रा.	अभिधान राजेन्द्र कोष (सात भाग) प्राकृत से संस्कृत	श्री विजय राजेन्द्र सूरि वि. सं. १८८३-१९६३	श्री जैन प्रभाकर प्रिंटिंग प्रेस रतलाम, वीर सं. २४४०-२४५१
अर्द्ध. मा.	अर्द्धमागधी कोष (पाँच भाग) प्राकृत से हिन्दी, गुजराती और अंग्रेजी	शतावधानी श्री रत्नचन्द्रजी महाराज, वि.सं.१९३६-९८ वैशाख	श्री श्वे. स्थानकवासी जैन कॉन्फरन्स बम्बई, वीर सं. २४४९-२४६४

संकेत	ग्रन्थ नाम, भाषा व काल	ग्रन्थ कर्त्ता और उसका काल	प्रकाशन का स्थान व समय
अष्ट.	अष्टक प्रकरण, संस्कृत वृत्ति (वि. सं. १०८०)	हरिभद्रसूरि (छठी शताब्दी) वृत्तिकार-जिनेश्वरसूरि	श्री मनसुखभाई पोरवाड़, अहमदाबाद
आगम.	आगमसार, मूल गुजराती, हिन्दी अनुवाद, वि.सं. १७७६	श्रीमद् देवचन्द्रजी महाराज वि. १८ वीं १९ वीं शताब्दी	श्री अभयदेवसूरि ग्रन्थमाला, बड़ा उपाश्रय बीकानेर, वीर सं. २४४८
आचा.	आचारांग सूत्र सटीक, मूल प्राकृत टीका संस्कृत वि. सं. ९३३	टीकाकार-शीलांकाचार्य	आगमोदय समिति, वीर सं. २४४२
आतुर.	आतुर प्रत्याख्यान प्रकीर्णक, प्राकृत, दस पइण्णा में दूसरी पइण्णा		आगमोदय समिति, वीर सं. २४५३
आलाप.	आलापपद्धति, संस्कृत	श्री देवसेनसूरि, वि. १०वीं शताब्दी	माणिकचंद्र दिगम्बर जैन ग्रन्थमाला बम्बई, वीर सं. २४४६
आव. म.	आवश्यक सूत्र पूर्वभाग सटीक मूल और निर्युक्ति-प्राकृत, टीका संस्कृत	निर्युक्तिकार-भद्रबाहुस्वामी (वीर की पहली दूसरी शताब्दी) टीकाकार-मलयगिरि	आगमोदय समिति वीर सं. २४५४
आव. ह.	आवश्यक सूत्र पूर्व और उत्तर भाग सटीक मूल और नियुक्ति-प्राकृत, टीका-संस्कृत	निर्युक्तिकार-श्रीभद्रबाहुस्वामी (वीर की पहली दूसरी शताब्दी) टीकाकार-हरिभद्रसूरि (छठी शताब्दी)	आगमोदय समिति वीर सं. २४४३-२४४४

आव. ह. टि.	आवश्यक हरिभद्रीय टिप्पण, संस्कृत	मलधार गच्छीय श्री हेमचन्द्रसूरि	देवचंद लालभाई जैन पुस्तकोद्धार फंड बम्बई, वीर सं. २४४६
आ. वि.	आध्यात्मिक विकासक्रम, गुजराती	पं. सुखलालजी संघवी (विद्यमान)	एस.जे.शाह,मादलपुर अहमदाबाद,वि. सं.१९८५
उत्त.	उत्तराध्ययन सूत्र (दो विभाग) सटीक मूल और निर्युक्ति-प्राकृत,टीका संस्कृत	निर्युक्तिकार-श्रीभद्रबाहुस्वामी टीकाकार श्री शान्त्याचार्य (११वीं शताब्दी)	देवचंद लालभाई जैन पुस्तकोद्धार फंड, बम्बई, वीर सं. २४४२
उत्त. (क)	उत्तराध्ययन सूत्र सटीक, मूल प्राकृत, टीका संस्कृत वि. सं.१५४४ सर्वार्थ सिद्धि टीका	टीकाकार-श्रीकमल संयमोपाध्याय (सोलहवीं शताब्दी)	विजय धर्म लक्ष्मी ज्ञान मंदिर बेलनगंज, आगरा वीर सं. २४४९-२४५१
उत्त. (ह)	उत्तराध्ययन सूत्र हस्तलिखित		श्री सेठिया जैन ग्रन्थालय बीकानेर
उपा.	उपासकदशांग सूत्र सटीक मूल प्राकृत, टीका संस्कृत	टीकाकार-अभयदेवसूरि (वि.सं. १०७२-११३५)	आगमोदय समिति वीर सं. २४४६
उपा. (अं.)	उपासकदशांग सूत्र(अंग्रेजी अनुवाद)	अनुवादक-ए.एफ. रुडोल्फ हार्नले	बिब्लोथिका इन्डिका कलकत्ता, सन् १९८० ई.
उपा. ह.	उपासकदशांग सूत्र हस्तलिखित		अनूप संस्कृत लायब्रेरी, (बीकानेर का प्राचीन पुस्तक भंडार) बीकानेर
उव.	उववाई (औपपातिक) सूत्र मूल प्राकृत, टीका संस्कृत	टीकाकार-अभयदेवसूरि (वि. सं. १०७२–११३५)	आगमोदय समिति, वीर सं. २४४२
ऋषि.	ऋषि मंडल वृत्ति मूल-प्राकृत, टीका-संस्कृत, अनुवाद-गुजराती	धर्मघोषसूरि, टीकाकार-शुभवर्द्धनगणी अनुवादक-शास्त्री हरिशंकर कालीदास	श्री जैन विद्याशाला डोशीवाड़ानी पोल अहमदाबाद, वि. सं. १९५८

संकेत	ग्रन्थ नाम, भाषा व काल	ग्रन्थकर्त्ता और उसका काल	प्रकाशन का स्थान और समय
ओ.	ओघनिर्युक्ति, मूल-प्राकृत, टीका संस्कृत	निर्युक्तिकार श्री भद्रबाहुस्वामी (वीर की पहली दूसरी शताब्दी) टीकाकार-श्री द्रोणाचार्य(ग्यारहवीं शताब्दी)	आगमोदय समिति वीर सं. २४४५
क.	कर्त्तव्यकौमुदी दूसरा भाग संस्कृत, भाषानुवाद सहित (वि.सं.१९८०)	शतावधानी श्री रत्नचंद्रजी स्वामी (वि.सं.१९३६-१९९८ वैशाख)	श्री भैरोंदानजी जेठमलजी सेठिया बीकानेर वीर सं. २४५१
कम्म.	(१) कम्मपयडि (कर्म प्रकृति) सटीक,	मूल-शिवशर्माचार्य टीकाकार उपाध्याय श्रीयशोविजयजी	श्री जैन धर्म प्रसारक सभा भावनगर वीर सं. २४४३
	(२) कम्मपयडि, मलयगिरिकी टीका का गुजराती अनुवाद	अनुवादक पं. चंदुलाल नानचंद	श्री अध्यात्म ज्ञान प्रसारक मंडल पादरा (गुजरात), वीर सं. १९७६
कर्म.	(१) कर्म ग्रन्थ भाग १-४ प्राकृत टीका-संस्कृत,हिन्दी अनुवाद सहित	मूल और टीकाकार-श्रीदेवेन्द्रसूरि (तेरहवीं-चौदहवीं शताब्दी)	श्री आत्मानन्द जैन पुस्तक प्रचारक मंडल रोशनमोहल्ला आगरा, वीर सं. २४४४-२४४८
	(२) कर्म ग्रन्थ भाग ५-६ मूल प्राकृत-टीका संस्कृत	पाँचवें भाग के मूल और टीकाकार-श्रीदेवेन्द्रसूरि छठा भाग मूल-श्रीचन्द्रर्षिमहत्तर,टीकाकार-मलयगिरि	आत्मानन्द सभा, भावनगर वीर सं. २४१६
कल्प.	कल्प सूत्र सटीक,मूल प्राकृत,सुबोधिका टीका संस्कृत	मूल-भद्रबाहुस्वामी(वीर की पहली दूसरी शताब्दी) टीका विनय विजयजी उपाध्याय (१७ वीं १८ वीं शताब्दी)	देवचंद लालभाई जैन पुस्तकोद्धार फंड, बम्बई वीर सं. २४४६

कारण.	कारण संवाद, हिन्दी वीर सं. २४६५	शतावधानी श्री रत्नचन्द्रजी स्वामी (वि. सं. १९३६-१९९८ वैशाख)	हीरालाल सुगनचंद जैन नया बाजार अजमेर वीर सं. २४६५
क्षेत्र.	क्षेत्रलोक प्रकाश, संस्कृत गुजराती अनुवाद सहित	उपाध्याय श्रीविनयविजयजी [१७वीं १८वीं शताब्दी] अनुवादक-श्रावक हीरालाल हंसराज	श्रावक हीरालाल हंसराज जामनगर वीर सं. २४४२
गच्छा.	गच्छाचार पयन्ना-प्राकृत		आगमोदय समिति, वीर सं. २४५३
गीता.	श्रीमद्भगवद्गीता [संस्कृत] साधारण भाषा टीका सहित		गीता प्रेस, गोरखपुर वि. सं. २००१
गुण.	गुणस्थान क्रमारोह [संस्कृत का हिन्दी अनुवाद] वि सं. १९४७	मूल-रत्नशेखरसूरि अनुवादक-श्री तिलकविजयजी पंजाबी	आत्म तिलक ग्रन्थ सोसायटी रतनपोल, अहमदाबाद, वीर सं. २४४५
गुण. थो.	चौदह गुणस्थान का थोकड़ा, हिन्दी		भैरोंदानजी जेठमलजी सेठिया बीकानेर वीर सं. २४५५
गौ. कु.	गौतम कुलक-प्राकृत	गौतम मुनि	श्री जैन धर्म प्रसारक सभा, भावनगर, वीर सं. २४५४
च.	चतुर्भावना पाठमाला मूल-संस्कृत, व्याख्या-हिन्दी	मूल-शतावधानी श्रीरत्नचंद्रजी स्वामी (वि. सं. १९३६-१९९८ वैशाख) व्याख्या धर्मोपदेष्टा श्री फूलचंदजी महाराज	रत्नलाल अर्हद्दास जैन सोनीपत वीर सं. २४५५
चन्दन.	चन्दनबाला (सती वसुमती) हिन्दी	पूज्य श्रीजवाहरलालजी महाराज के व्याख्यान (वि. सं. १९३२-२००० आषाढ शुक्ला ८)	श्री हितेच्छु श्रावक मंडल रतलाम वीर सं. २४६२

संकेत	ग्रन्थ नाम, भाषा व काल	ग्रन्थकर्त्ता और उसका काल	प्रकाशन का स्थान और समय
चन्द्र.	चन्द्रप्रज्ञप्ति मूल-प्राकृत हिन्दी अनुवाद सहित	अनुवादक-मुनि श्री अमोलखऋषिजी महाराज (वि. सं. १९३४-)	राजा बहादुर लाला सुखदेवसहाय ज्वालाप्रसाद जौहरी महेन्द्रगढ़, वीर सं. २४४५
छं.	छन्दोमञ्जरी, संस्कृत टीका तथा अनुवाद सहित	वैद्य महामहोपाध्याय श्रीमद् गंगादास टीकाकार और अनुवादक } श्रीगुरुनाथ विद्यानिधि भट्टाचार्य	श्री जानकीनाथ काव्यतीर्थ, संस्कृत विद्यालय निवेदितालेन कलकत्ता, १३३२ बङ्गाब्द
जं.	जम्बूद्वीप प्रज्ञप्ति (दो भाग) मूल-प्राकृत, टीका संस्कृत (विक्रम सं. १६५०)	टीकाकार-उपाध्याय श्रीशान्तिचंद्रगणी	देवचंद लालभाई जैन पुस्तकोद्धार फंड बम्बई, वीर सं. २४४६
जी.	जीवाजीवाभिगम सूत्र मूल-प्राकृत, टीका-संस्कृत	टीकाकार- श्रीमलयगिरि	देवचंद लालभाई जैन पुस्तकोद्धार फंड बम्बई, वीर सं. २४४५
जै.	जैन तत्त्वादर्श, हिन्दी पूर्वार्द्ध और उत्तरार्द्ध	श्री विजयानन्दसूरीश्वर (श्री आत्मारामजी महाराज)	श्री आत्मानन्द जैन महासभा अम्बाला, वीर सं. २४६२
जै. ग्र.	जैन ग्रन्थावली, हिन्दी		श्री श्वेताम्बर जैन कॉन्फरन्स बम्बई, वीर सं. २४५३
जै. प्र.	जैन सिद्धान्त प्रवेशिका-हिन्दी	पं. गोपालदासजी बरैया	जैन ग्रन्थ रत्नाकर कार्यालय बम्बई, वि. सं. १९८१
ज्ञा.	ज्ञाताधर्म कथा (णायाधम्मकहा) मूल-प्राकृत टीका संस्कृत (वि.सं. ११२०)	टीकाकार-श्री अभयदेवसूरि (वि.सं. १०७२-११३५)	श्री आगमोदय समिति वीर सं. २४४५
ज्ञान.	ज्ञानार्णव, संस्कृत हिन्दी अनुवाद सहित	मूलकर्त्ता-श्रीशुभचन्द्राचार्य [नवीं शताब्दी] अनुवादक पं. पन्नालालजी बाकलीवाल	परमश्रुत प्रभावक मंडल, बम्बई वीर सं. २४३३

संकेत	ग्रन्थ नाम, भाषा व काल	ग्रन्थ कर्त्ता और उसका काल	प्रकाशन का स्थान व समय
ठा.	ठाणांग सूत्र [स्थानांग सूत्र] दो भाग मूल-प्राकृत, टीका संस्कृत वि.सं.११२०	टीकाकार श्री अभयदेवसूरि [वि.सं. १०७२-११३५]	आगमोदय समिति वीर सं. २४४५-४६
तत्त्वार्थ.	सभाष्य तत्त्वार्थाधिगम सूत्र, संस्कृत	वाचकमुख्य श्री उमास्वाति	मोतीलाल लाधाजी पूना, वीर सं. २४५२
तत्त्वार्थ.[सु.]	तत्त्वार्थ सूत्र, गुजराती [दो भाग]	विवेचक-पं. सुखलालजी [विद्यमान]	गुजरात विद्यापीठ अहमदाबाद, वि.सं.१९८५
तन्दुल.	तन्दुलवेयालिय पइण्णा, प्राकृत (दस पइण्णा में से पांचवीं पइण्णा)		देवचंद लालभाई जैन पुस्तकोद्धार फंड बम्बई, वीर सं. २४५३
त्रिलोक.	त्रिलोकसार, प्राकृत, टीका सहित	श्रीनेमिचंद्र सिद्धान्त चक्रवर्ती टीकाकार-श्री माधवचन्द्र	माणिकचन्द्र दिगम्बर जैन ग्रन्थमाला समिति हीराबाग गिरगांव बम्बई, वीर सं. २४४४
त्रि.ष.	त्रिषष्टि शलाका पुरुष चरित्र गुजराती अनुवाद भाग ४	हेमचंद्राचार्य [वि. सं. ११४५-१२२९]	जैनधर्म प्रसारक सभा भावनगर
द.प.	दस पइण्णा [प्रकीर्णक] प्राकृत		देवचंद लालभाई जैन पुस्तकोद्धार फंड बम्बई
दश.	दशवैकालिक सूत्र, मूल और निर्युक्ति-प्राकृत, टीका संस्कृत	मूलकर्त्ता-शय्यंभवस्वामी [वीर की प्रथम शताब्दी] निर्युक्तिकार-भद्रबाहुस्वामी [वीर की पहली दूसरी शताब्दी] टीकाकार-हरिभद्रसूरि [छठी शताब्दी]	देवचंद लालभाई जैन पुस्तकोद्धार फंड बम्बई, वीर सं. २४४४
दशा.	दशाश्रुतस्कंध दशा भाषान्तर सहित मूल प्राकृत	अनुवादक-उपाध्याय श्री आत्मारामजी महाराज [विद्यमान]	जैन शास्त्रमाला कार्यालय, सैदमिट्ठा बाजार लाहोर, वीर सं. २४६२

द्रव्य.त.	द्रव्यानुयोग तर्कणा-संस्कृत, हिन्दी अनुवाद सहित	मुनि भोजसागरजी [सोलहवीं शताब्दी] अनुवादक-प. ठाकुरदत्त शर्मा व्याकरणाचार्य	परमश्रुत प्रभावक मंडल बम्बई, वीर सं. २४३२
द्रव्यलो.	द्रव्यलोक प्रकाश, संस्कृत गुजराती अनुवाद सहित	विनयविजयजीमहाराज (१७वीं १८वीं शताब्दी) अनुवादक-पं. हीरालाल हंसराज	पं. हीरालाल हंसराज, जामनगर वीर सं. २४४५
द्रव्य सं.	द्रव्यसंग्रह, प्राकृत, हिन्दी टीका सहित	श्री नेमिचंद्र सिद्धान्त चक्रवर्ती हिन्दीटीकाकार-बाबू सूरजभानु वकील	श्री जैन साहित्य प्रसारक कार्यालय हीराबाग गिरगांव बम्बई, वीर सं. २४५३
ध.	धर्मसंग्रह, संस्कृत [वि.सं.१७३१]	उपाध्याय श्री मानविजयजी	देवचंद लालभाई जैन पुस्तकोद्धार फंड, बम्बई वीर सं. २४५१
ध. बि.	धर्मबिन्दुप्रकरण, संस्कृत	हरिभद्रसूरि (छठी शताब्दी) वृत्तिकार-मुनि चंद्राचार्य (वि.१२वीं शताब्दी)	आगमोदय समिति वीर सं. २४५०
ध.र.	धर्मरत्नप्रकरण [वि.सं.१२७१]	श्री शान्तिसूरि	आत्मानन्द जैन सभा भावनगर, वीर स.२४५२
नं.	नंदीसूत्र सटीक मूल-प्राकृत, टीका संस्कृत	देववाचक-क्षमाश्रमण [वीर की १० वीं शताब्दी] टीकाकार-आचार्य श्रीमलयगिरि	आगमोदय समिति, वि. सं. १९८०
नय.	नयचक्र, प्राकृत	श्री देवसेनसूरि (वि. दसवीं शताब्दी)	माणिकचंद्र दिगम्बर जैन ग्रन्थमाला समिति बम्बई, वीर सं. २४४६
नय. प्र.	नयप्रदीप, संस्कृत	श्री यशोविजय गणी [१७वीं १८वीं शताब्दी]	आत्मवीर सभा भावनगर, वीर सं. २४४५
नयो.	नयोपदेश संस्कृत	श्री यशोविजय गणी [१७वीं १८वीं शताब्दी]	आत्मवीर सभा भावनगर, वीर स. २४४५

संकेत	ग्रन्थ नाम, भाषा व काल	ग्रन्थकर्त्ता और उसका काल	प्रकाशन का स्थान और समय
नव.	नवतत्त्व, मूल-प्राकृत हिन्दी भाषानुवाद सहित		श्री आत्मानंद जैन पुस्तक प्रचारक मंडल देहली वीर सं. २४४२
नवपद.	नवपद प्रकरण बृहद्वृत्ति मूल-प्राकृत [वि.सं.१०७३] टीका संस्कृत वि.सं.११६५]	मूलकर्त्ता-देवगुप्तसूरि टीकाकार-यशोदेव उपाध्याय	देवचंद्र लालभाई जैन पुस्तकोद्धार फंड बम्बई वीर सं. २४५३
निर.	निरयावलिकासूत्र, मूल-प्राकृत टीका संस्कृत	टीकाकार—श्रीचन्द्रसूरि	आगमोदय समिति वीर सं. २४४८
निशी.	निशीथसूत्र, मूल प्राकृत हिन्दी अनुवाद सहित	अनुवादक-श्री अमोलखऋषिजी महाराज [वि.सं.१९३४—]	राजा बहादुर लाला सुखदेव सहायजी ज्वालाप्रसादजी जौहरी महेन्द्रगढ़, वीर सं. २४४५
न्याय.	न्यायसूत्र वात्स्यायनभाष्य तथा वृत्ति सहित संस्कृत	सूत्रकार-महर्षि गौतम, भाष्यकर-वात्स्यायनमुनि वृत्तिकार-विश्वनाथ न्याय पंचानन भट्टाचार्य	जयकृष्णदास गुप्ता विद्या विलास प्रेस बनारस., सन् १९२० ई.
न्याय को.	न्यायकोष, संस्कृत	महामहोपाध्याय भीमाचार्य	गवर्नमेन्ट सेन्ट्रल बुकडिपो बम्बई, सन् १८९३ ई.
न्याय द.	न्यायदर्शनम् (न्यायसूत्रम्) संस्कृतभाष्य तथावृत्तिसहित.	सूत्रकार-महर्षि गौतम, भाष्यकर-वात्स्यायनमुनि वृत्तिकार-विश्वनाथ न्याय पंचानन भट्टाचार्य.	जयकृष्णदास गुप्ता विद्या विलास प्रेस बनारस, सन् १९२० ई.
न्याय दी.	न्यायदीपिका, संस्कृत हिन्दी अनुवाद सहित	श्रीधर्मभूषण यति (सन् १९०० ई.) अनुवादक—पं. खूबचंद्रजी	श्रीजैन ग्रन्थरत्नाकर कार्यालय बम्बई, वीर सं. २४३९

न्याय प्र.	न्यायप्रदीप, हिन्दी	साहित्यरत्न दरबारीलाल न्यायतीर्थ(विद्यमान)	साहित्यरत्न कार्यालय जुबिलीबाग तारदेव बम्बई, वि. सं. १९८६
पन्न.	पन्नवणा (प्रज्ञापना) मूल-प्राकृत-टीका संस्कृत	टीकाकार–आचार्य श्रीमलयगिरि	आगमोदय समिति वीर सं. २४४४
पंच.	पंचसंग्रह (चार भाग) मूल-प्राकृत, टीका संस्कृत	मूलकर्त्ता-श्रीचन्द्रर्षि महत्तर टीकाकार-आचार्य श्री मलयगिरि	श्रावक हीरालाल हंसराज जामनगर, वि. सं. १९६६
पंच प्र.	पंच प्रतिक्रमण		श्री जैनश्वेताम्बर मित्र मंडल लायब्रेरी, घी वालों का रास्ता जयपुर, वीर सं. २४५४
पंच व.	पंच वस्तुक स्वोपज्ञवृत्ति संस्कृत, मूल-प्राकृत	श्रीहरिभद्रसूरि [वि.छठी शताब्दी]	देवचंद्र लालभाई जैन, पुस्तकोद्धार फंड बम्बई, वीर सं. २४५३
पंचा.	पंचाशक, मूल प्राकृत, टीका-संस्कृत	श्री हरिभद्रसूरि [वि.छठी शताब्दी] टीका-श्रीअभयदेवसूरि[वि.१०७२–११३५]	श्री जैन धर्म प्रसारक सभा भावनगर, वीर सं. २४३६
प. बोल.	पचीस बोल का थोकड़ा		श्रीभैरोंदान जेठमल सेठिया बीकानेर, वीरसं. २४६६
परमा.	परमात्म प्रकाश, मूल-प्राकृत, टीका संस्कृत भाषा अनुवाद सहित	मूलकार-योगीन्द्रदेव, टीकाकार-ब्रह्मदेव[सोलहवीं शताब्दी] भाषा टीकाकार–पंडित दौलतरामजी	श्री परमश्रुतप्रभावक मंडल झवेरी बाजार बम्बई, वीर सं. २४४२
पिंगल.	पिंगलसूत्र(पिंगलच्छन्द सूत्रम्)संस्कृत(पंचमावृत्ति)	श्री पिंगलाचार्य	श्री जानकीनाथ शर्मा संस्कृत विद्यालय निवेदिता लेन कलकत्ता

संकेत	ग्रन्थ नाम, भाषा व काल	ग्रन्थकर्त्ता और उसका काल	प्रकाशन का स्थान और समय
पिं.नि.	पिण्डनिर्युक्ति, मूल प्राकृत, टीका-संस्कृत	श्री भद्रबाहुस्वामी टीकाकार-आचार्य श्रीमलयगिरि	श्री देवचंद्र लालभाई जैन पुस्तकोद्धार फंड बम्बई, वीर सं. २४४४
पिं.वि.	पिण्डविशुद्धि, मूल-प्राकृत, टीका-संस्कृत [वि. सं.११७८]	मूल श्रीजिनवल्लभसूरि टीकाकार-श्रीचन्द्रसूरि	आचार्य श्रीमद् विजयदानसूरीश्वरजी जैन ग्रन्थमाला सूरत, वीर सं. २४६५
पी. प.	पीस एण्ड परसनेलिटी	प्रोफेसर जगदीश मित्र	लाहोर
पुरुषा.	पुरुषार्थ दिग्दर्शन (हिन्दी)	श्रीविजय धर्मसूरि	अनोपचंद नरसिंहदास, यशोविजय जैन ग्रन्थमाला हेरिसरोड भावनगर, सन् १९२२ ई.
प्र.	प्रमाणनयतत्त्वालोकालंकार, संस्कृत रत्नाकरावतारिका टीका सहित	श्रीवादिदेवसूरि (वि.सं. ११४३-१२२६) टीकाकार-रत्नप्रभसूरि (वि. १३ वीं शताब्दी)	हर्षचन्द्र भूराभाई धर्माभ्युदय प्रेस बनारस, वीर सं. २४३७
प्रतिमा.	प्रतिमाशतक लघुवृत्ति सहित मूल-प्राकृत	न्यायविशारद न्यायाचार्य श्रीयशोविजयजी (वि.१७वीं १८वीं शताब्दी), वृत्तिकार-श्रीभावसूरि	श्री जैन आत्मानन्द सभा भावनगर, वीर सं.२४४१
